एक नजर में

## विश्व दिव्यांग दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारती ने दिव्यांग संगठन पदाधिकारी से चर्चा कर समस्या को जाना



**धार।** विश्व दिव्यांगजन दिवस पर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने बुधवार को लालबाग धार में दिव्यांग भाई-बहनों से सौहार्दपूर्ण भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान विकलांग बल संगठन पदाधिकारी मुकेश चौहान भरत लाल मुनिया चिंटू भाटी समेत अनेक दिव्यांगजन उपस्थित थे। चर्चा के माध्यम से उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझा तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक निर्देश प्रदान किए। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि यह दिवस हमें एक सशक्त, समावेशी और संवेदनशील समाज के निर्माण का संकल्प मजबूत करने की प्रेरणा देता है। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके सामाजिक व आर्थिक पुनर्वास के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला पदाधिकारी मनीष प्रधान युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार अमित शर्मा जीवन यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जोबट-बाग मार्ग पर एक्सीडेंट में घायल छात्रा को बचाकर मिसाल बने डॉ. पंकज कुमार मालवीया



**बाग** - जोबट और बाग मार्ग के बीच आज साईं श्याम बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुँचे डॉ. पंकज कुमार मालवीया ने मानवता की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए एक घायल छात्रा का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब दुर्घटना के बाद चीख-पुकार मची हुई थी, तभी अपनी गाड़ी से गुजर रहे डॉ. मालवीया ने सड़क किनारे एक छात्रा को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े देखा। बिना एक पल गंवाए उन्होंने घायल छात्रा को उठाकर अपनी गाड़ी में बैठाया, साथ ही उसके साथ मौजूद एक महिला को भी सुरक्षित वाहन में स्थान दिया। डॉ. मालवीया ने छात्रा को तुरंत शासकीय चिकित्सालय, जोबट पहुँचाकर उसका प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कराया। इतना ही नहीं, जब तक छात्रा के परिजन अस्पताल नहीं पहुँच गए, तब तक वे वहीं रुके रहे और उसकी पूरी देखरेख की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहला मौका नहीं है जब डॉ. मालवीया ने ऐसा मानवीय साहस दिखाया हो। क्षेत्र में वे हमेशा जरूरतमंदों, दुर्घटनाओं में घायल लोगों और राहगीरों की मदद के लिए तत्पर रहने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। रास्ते में किसी भी दुर्घटना या सहायता की पुकार मिलते ही वे तुरंत रुककर लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुँचाते हैं और उनका उपचार करवाने में पूरा सहयोग देते हैं। उनकी इस तत्परता, संवेदनशीलता और सेवा भाव को लेकर क्षेत्र में उनकी खूब प्रशंसा हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि ऐसे लोग ही समाज की असली ताकत होते हैं, जो निस्वार्थ भाव से मानवता का धर्म निभाते हैं।

## गीता महोत्सव का आयोजन अलग -अलग प्रदेशों के कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**सरदारपुर ।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा गीता जयंती के अवसर पर अमझेरा में गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में 11 अचार्यों द्वारा श्रीमद्भगवत गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर सामूहिक पाठ किया तदपश्चात् उड़ीसा के कलाकार मणीचंद्र प्रधान एवं साथी द्वारा गुटीपुआ नृत्य, प्रतिभा रघुवंशी एवं उज्जैन, द्वारा श्री कृष्णा भक्ति नृत्य, राजीव शर्मा एवं साथी , उज्जैन के द्वारा भक्ति गायन मंचन किया एवं अंतिम प्रस्तुति रश्मि एवं साथी वृंदावन, द्वारा होली मयूर नृत्य, मंचन की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच मनु बाई मकवाना, जनपद सदस्य नेहा दीक्षित, भगवान दास खंडेलवाल, शुभम दीक्षित, शिवा मकवाना, नवीन बानिया, एडवोकेट धर्मेंद्र मंडलोई, तहसीलदार मुकेश बामनिया, जनपद सी ई ओ जोशुआ पीटर, पी टी आई अश्विनी दीक्षित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिरीन कुरैशी द्वारा किया गया।

## रिश्वतखोर बाबू को लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

**धार ।** डही विकासखंड शिक्षा कार्यालय में पदस्थ बाबू दिनेश भिड़े को बुधवार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया। इंदौर लोकायुक्त की टीम ने यह कार्रवाई की है। बाबू भिड़े पर एक सेवानिवृत्त चपरासी के पेंशन प्रकरण को आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप है सेवानिवृत्त चपरासी से पैसे मांगने का आरोप-लोकायुक्त पुलिस इंस्पेक्टर रेनू अग्रवाल ने बताया कि आवेदक रणजीत बामनिया (अध्यक्ष भिलिस्थान लायन सेना, जिला धार) ने लोकायुक्त अधीक्षक इंदौर से शिकायत की थी। उनके पिता कुंवर सिंह चौहान तीन महीने पहले शिक्षा विभाग से चपरासी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके पेंशन प्रकरण तैयार करने और एनपीएस कटौती की राशि निकालने के लिए बाबू दिनेश भिड़े ने 10 हजार रुपए की मांग की थी। आवेदक रणजीत बामनिया की शिकायत की सत्यता की जांच की गई, जो सही पाई गई।


नवभारत

**बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें- स्वदेश सिंह पंवार**
**मो.बा. 96306-42180**


# गर्भवती व शिशुओं की दैनिक स्वास्थ्य मॉनिटरिंग के निर्देश दिए

▶ कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली



**धार / कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में आज प्रात: जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई ।**

सर्वप्रथम कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित एजेंडा बिंदुओं दिए गए निर्देशों के संबंध में समीक्षा की। जिसमें जिला चिकित्सालय एवं जिले के अन्य शासकीय चिकित्सालयों के निरीक्षण की समीक्षा कर शत प्रतिशत निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए। जिन्होंने में शत प्रतिशत निरीक्षण नहीं किया हैं उन्हें चेतावनी पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि लक्ष्यानुसार समस्त निरीक्षण होने चाहिए। जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की नियमित बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं की पहचान कर उनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाना सुनिश्चित करें। कुपोषित शिशुओं की पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से समीक्षा कर स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले को प्रत्येक शिशु की प्रतिसप्ताह मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। टीएचआर वितरण की समीक्षा कर समस्त सीडीपीओ तो लक्ष्यनुरूप वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के टीकाकरण की समीक्षा कर कार्ययोजना अनुसार टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने को कहा । सीएचओ एवं एएनएम की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करे।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण हमारी पहली प्राथमिकता होना चाहिए। टीकाकरण में जो बीएमओ अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया जाए। जो कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। सभी फील्ड में जाकर निरीक्षण करे।

> वन नेशन वन, वन राशन कार्ड卐 के तहत राशन वितरण की समीक्षा कर कहा कि जो व्यक्त अन्य राज्यों में पलायन पर जाते हैं उन्होंने राशन प्राप्त किया हैं या नहीं जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। टीबी स्क्रीनिंग, टीबी एक्स-रे व निश्चय पोषण बास्केट की समीक्षा कर जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई उन्हें प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया की समीक्षा कर कार्ड वितरण शत प्रतिशत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश नहीं की जाएगी। डॉयल 108 एंबुलेंस की शिकायतों की समीक्षा कर अंतिम तीन माह की जानकारी प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। मैटरनल डेथ की समीक्षा कर हाई रिस्क केसेस की मॉनिटरिंग प्रतिदिन पर की जाए।
>
> रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत समीक्षा कर रेबीज का टीका की उपलब्धता स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जो भी अधिकारी निरीक्षण पर जाए वहां इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करें। आदि आदर्श केंद्र की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा कर जिनकी प्रगति संतोषजनक नहीं रही उन्हें नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार संघ की मीटिंग

**बदनावर । होटल पुष्कर राज बदनावर सभी पदाधिकारी मौजूदगी में लेटर पैड वितरण वितरण किया गया धार जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह प्रजापत जिला उपाध्यक्ष बबलू जी प्रजापत तहसील अध्यक्ष योगेश जी प्रजापत तहसील उपाध्यक्ष रवि जी धार जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण जी प्रजापततहसील प्रभारी दिनेश जी प्रजापत सरदारपुर तहसील अध्यक्ष महेश मिन्हारे साहब राहुल जी प्रजापत सदलपुर नगर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज जन संजय जी प्रजापत एवं राजेश जी पहलवान एवं युवा साथीजन आभार जताया**



प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह चंद्रावत की अध्यक्षता में मुंबई माता मंदिर में संपन्न हुई बैठक में अध्यक्ष श्री चंद्रावत द्वारा बताया कि प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ का वार्षिक पेंशनर्स दिवस दिनांक 26-12-2025 को जे.एम.डी. गार्डन ( मिलन महल के सामने ) त्रिमूर्ति चौराहा धार में संपन्न होगा जिसमें दिनांक 1-1-1950 से 31-12-1950 के मध्य जन्मे पेंशनर्स का सम्मान किया जावेगा, उक्त अवधि में यदि बदनावर तहसील के किसी पेंशनर्स का जन्म हुआ हो तो वह 7 दिवस में किसी भी पदाधिकारी को लिखवा देवे, बैठक में यह भी बताया गया कि यह बैठक वर्ष 2025 की अंतिम मासिक बैठक है यदि किसी सदस्य द्वारा इस वर्ष का सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया वे कृपया जमा करा देवे,, जो कर्मचारी सेवा निवृत हुए और उन्होंने पेंशनर्स संघ की सदस्यता नहीं ली उनसे संपर्क स्थापित कर सदस्यता दिलवाई जावे, यह सभी साथियों का दायित्व है

जिला उपाध्यक्ष हुकुमसिंह सोलंकी ने बताया कि दिनाँक 26-12-2025 को जिले में आयोजित वार्षिक सम्मेलन में बदनावर तहसील से अधिक से अधिक सदस्यों को अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना है इसके लिए समिति के पदाधिकारी को अपने पेंशनर्स के निवास पर जाकर उन्हें तैयार करना है, विशेष कर मातृशक्ति की सह भागीदारी अच्छी हो इसके लिए विशेष प्रयास करना है बैठक में 24 सदस्यों द्वारा अपनी सहमति दी जाकर निर्धारित राशि भी जमा करवा दी गई है, सभी सदस्यों से अपेक्षा भी की गई है कि विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक पेंशनर्स उक्त कार्यक्रम में उपस्थित हो,

> बैठक के अंत में संघ के जिला उपाध्यक्ष हुकुमसिंह सोलंकी के बड़े भाई रामसिंह सोलंकी के पुत्र धर्मपाल सिंह सोलंकी एवं वरिष्ठ सदस्य रामेश्वर पाटीदार की काकी जी स्व. पन्नालाल की धर्मपत्नी श्रीमती धन्नीबाई के निधन हो जाने से 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई, बैठक में वरिष्ठ सदस्य मांगू सिंह पँवार, विश्राम सालवी, वीरेंद्र रावल, बाबूलाल धांधल, ईश्वर लाल जोशी, मनोहर मेहरूनकर, बापू सिंह यादव, शैलेंद्र कुमार जोशी, अशोक कुमार उपाध्याय, रामचंद्र वर्मा, दुलीचंद पाटीदार, उमराव सिंह ठाकुर, शांतिलाल कुमावत, चंद्रशेखर बैरागी, नरसिंह सोलंकी, अरुण कुमार देव, सदाशिव शर्मा ढोलाना, लोकेंद्र जोशी, रमेश चंद्र हारोड, ईश्वर पुरी गोस्वामी, जगदीश सोलंकी, हेमराज पँवार, राजेश्वर त्रिवेदी, कैलाश चंद्र गुप्ता, रमेशचंद्र गोयल, गिरधारीलाल गेहलोत, भेरूलाल, विजयसिंह सोलंकी, आदि सदस्य उपस्थित थे उक्त जानकारी सचिव हुकुम सिंह सोलंकी द्वारा दी गई,,




## ग्राम चिकली में सामूहिक श्रमदान से बोरी बंधान कार्य

**मनावर।।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मनावर के मार्गदर्शन में चिकली सेक्टर के ग्राम चिकली में जल संचय अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था चिकली वंदे मातरम समाज कल्याण समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों के सहयोग से ग्राम में बहते नाले पर धनसिंह रामसिंह के खेत के पास बहते नाले पर समिति सदस्यों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर 40 बोरियो का बोरी बंधान कार्य किया गया। इस दौरान विकासखण्ड समन्वयक भुवान सिंह गेहलोत द्वारा, जल संरक्षण के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने के लिए मनुष्यों, प्राणियों और पेड़ पौधों के लिए हवा एवं पानी एक महत्वपूर्ण आधार है इसके बिना जीवन संभव नहीं है। पानी पेयजल से लेकर, कृषि कार्य (खेती बाड़ी), खाना बनाने, कपड़े धोने से लेकर वन्यप्राणियों तथा अन्य कई कार्य के लिए पानी बहुत जरूरी हैं, लेकिन आज भी कई ऐसे ग्राम है जहां विशेष कर गर्मी के दिनों में पानी की गंभीर समस्याओ से जूझते हुए देखा हैं।

## खेलकूद बच्चों का समग्र विकास का आधार है : मिमरोट

**धार.** दिव्यांग खेल कूद प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में उक्त कथन प्रियंका मिमरोट एस डी एम महोदय,बदनावर ने व्यक्त किए साथ विजयता रहे दिव्यांग बच्चो को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पुरुष्कार वितरित किए जैसा की राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशन जिला शिक्षा केंद्र धार एवम जनपद शिक्षा केंद्र बदनावर के सहयोग से विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसंबर के उपलक्ष्य में सी एम राइज कैम्पस 2 बदनावर परिसर में दो दिसंबर को दिव्यांग बच्चो की खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र सिंह पवार उपाध्यक्ष नगर परिषद बदनावर ,अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी श्री सेखड़िया डावर, विशेष अतिथि देवनारायण गुजराती थे प्रतियोगिता में चेयर रेस, नींबू रेस, 100मीटर दोड़ ,गोला फेंक चित्र कला, रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बदनावर तहसील के दिव्यांग बच्चो ने भाग लिया कार्यक्रम मे उक्त जानकारी श्री भोला बैरागी एम आर सी जनपद शिक्षा केंद्र बदनावर ने देते हुए बताया की दिव्यांग बच्चो ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया, विजयता रहे बच्चो जिला स्तर पर तीन दिसंबर को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ले जाया जाएगा बच्चो और साथ में आए पालकों के लिए भोजन की व्यवथा की गई थी कार्यक्रम में सभी जन शिक्षक प्रदीप तिवारी रवि आंजना, देवेंद्र पाटीदार कल्पना त्रिवेदी, संगीता चौहान जंगल सी परमार कमल पाटीदार, इसरार कुरेशी जयराम मालवलीय,नरेंद्र चौहान,गिरधारी वर्मा,नवीन शर्मा, मुकेश पुरोहित, दिनेश देवड़ा भगवान सिंह वसुनिया कुंवर सिंह चौहान कैरम सिंह जामोद, पद्म सिह अखाड़े , राजकुवर सत्तावत, वन्दना मंडलोई,सरस्वती बैरागी,दिनेश भूरिया कार्यक्रम का संचालन ओ पी राठौड़ बी ए सी, ने किया और आभार जयराम मालवीय बी एस सी द्वारा किया गया




## निमाड़ की धरा पर महान संतों का वास रहा है




**मनावर .** मनावर गीता ज्ञान प्रचारक समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा वाचक पंडित प्रवीण शर्मा ने कहा कि निमाड़ की धरा पर महान संतों का वास रहा है जिस प्रकार बालीपुर में गजानन जी महाराज भटियान में सियाराम बाबा हुए हैं जिनके तपोबल से आसपास का क्षेत्र पुनीत हो रहा है और निमाड़ क्षेत्र तरक्की के शिखर पर है ।हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर धर्म तथा सेवा कार्य करना चाहिए साधु संतों की सेवा गौ माता की सेवा जैसे कार्य हमारे जीवन में खुशहाली लाते हैं ।आपने कहा कि हम जीवन में सिर्फ भोजन ही करेंगे तो शरीर ही हष्ट पुष्ट होगा परंतु भजन करने से आत्मा मन सब शुद्ध हो जाते हैं क्योंकि आत्मा का भोजन भजन ही है। पंडित शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार हम खेत में कोई धान की फसल बोते हैं तो उसे निकालते समय उन्हें अलग-अलग करने की मशीन आ गई है इस प्रकार भगवान ने बिखरे हुए परिवारों ,रिश्तेदारों को एक करने के लिए मद भागवत रूपी ग्रंथ बनाया है जिसकी कथा का श्रवण करने से सब एक हो जाते हैं ।आपने कहा कि जब हम नर्मदा परिक्रमा करते हैं और हमारे रिश्तेदार अगर रास्ते में किसी गांव में रहते हैं तो हमे वहां नहीं रुकना चाहिए नर्मदा किनारे जहां पर भी अन्न क्षेत्र संचालित हो रहे हैं वहीं पर भोजन कर रात्रि विश्राम करना चाहिए क्योंकि परिक्रमा पथ एक पवित्र पथ है और हमारा उद्देश्य परिवार से दूर रहकर परिक्रमा करना है नर्मदा परिक्रमा का मार्ग पुण्य एवं फलदाई मार्ग है इसके मार्ग में कई बड़े शिव मंदिर आते हैं हमें उनके भी दर्शन करना चाहिए तथा पूरे मार्ग पर मां नर्मदा एवं ईश्वर के ही भजन करना चाहिए ।आज के मुख्य जजमान संजय अग्रवाल द्वारा भागवत आरती कि गई। निरुपमा अग्रवाल ,मीना अग्रवाल ,सुमित्रा अग्रवाल ,साधना सोनी, ज्योति अग्रवाल,शशी खण्डेलवाल ,द्वारा व्यास पूजन किया गया।

**एक नजर** ▶ खरमोर अभ्यारण्य की सीमा परिवर्तन के बाद भी जारी है, सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय भंडारी ने उठाए गंभीर सवाल, कार्रवाई की मांग

## अभ्यारण्य सिकुड़ा, लेकिन इको-सेंसिटिव जोन का दायरा वही रहा, कार्रवाई की मांग की

**सरदारपुर । सरदारपुर स्थित खरमोर अभ्यारण्य के संरक्षण और उसके इको-सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) को लेकर एक गंभीर विसंगति सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय भंडारी ने इस मुद्दे पर सवाल उठाते हुए केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।**




42 साल बाद बदली अभ्यारण्य की सीमा, मुक्त हुए 14 गांव गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन के वन विभाग ने दुर्लभ खरमोर पक्षी के संरक्षण के लिए 4 जून 1983 को सरदारपुर खरमोर अभ्यारण्य की स्थापना की थी। इसमें 14 गांवों की 348.12 वर्ग किमी निजी और शासकीय भूमि शामिल थी। लेकिन 42 साल और एक महीने बाद, 3 जुलाई 2025 को, अभ्यारण्य की सीमाओं में बदलाव करते हुए इन 14 ग्राम पंचायतों को अभ्यारण्य से मुक्त कर दिया गया। इससे अभ्यारण्य का वास्तविक क्षेत्रफल कम हो गया और इन गांवों के किसानों को अपनी निजी भूमि का क्रय-विक्रय, पंजीयन और नामांतरण का अधिकार मिल सका।

यहाँ विवाद की मुख्य जड़ यह है कि अभ्यारण्य का दायरा घटने के बावजूद, इसके चारों ओर लागू इको-सेंसिटिव जोन (ईएसजेड) की पुरानी अधिसूचना अभी भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 में लागू किया गया 250 मीटर का ईएसजेड अब भी उन्हीं 14 गांवों पर लागू माना जा रहा है, जो अब अभ्यारण्य का हिस्सा नहीं हैं। सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार, सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय भंडारी को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के आईएसईसी डिवीजन ने बताया कि ईएसजेड की पुरानी अधिसूचना ही प्रभावी है और राज्य सरकार की ओर से इसको संशोधित करने का कोई प्रस्ताव अभी तक नहीं आया है। यह स्थिति तब है जबकि राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सिफारिशों पर पर्यावरण मंत्रालय ने 11 अगस्त 2023 को ही मध्य प्रदेश सरकार को स्पष्ट निर्देश जारी किए थे। इन निर्देशों में कहा गया था कि अभ्यारण्य की सीमा बदलने के तुरंत बाद राज्य सरकार ईएसजेड अधिसूचना में संशोधन का प्रस्ताव जमा करेगी। हैरानी की बात यह है कि इस निर्देश के पांच महीने बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार ने कोई प्रस्ताव केंद्र को नहीं भेजा है।

**भ्रम और अनिश्चितता की स्थिति** - भंडारी-इस विसंगति पर बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय भंडारी ने कहा, 卐यह स्थिति एक स्पष्ट विसंगति पैदा कर रही है। जहां अभयारण्य का क्षेत्रफल आधिकारिक तौर पर कम हो गया है, वहीं आसपास के क्षेत्रों पर लागू होने वाले संरक्षण संबंधी प्रतिबंध अभी भी पुराने मानचित्र के आधार पर चल रहे हैं ।

> **संरक्षण और विकास के बीच संतुलन जरूरी**
>
> भंडारी ने जोर देकर कहा, 卐खरमोर अभ्यारण्य के संरक्षण के नाम पर आम जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए। अतीत में, किसानों और स्वयं पक्षियों के साथ भी एक तरह का अन्याय हुआ है। इको-सेंसिटिव जोन का निर्धारण एक संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ होना चाहिए, जो अभयारण्य के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय समुदायों की आजीविका और विकास की जरूरतों का भी ध्यान रखे।